शैक्षणिक कलेण्डर

वर्ष 2010 – 2011

म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश

लोक शिक्षण संचालनालय
मध्यप्रदेश

क्रमांक / विद्या / ई / 98 / 2010 / 458 भोपाल, दिनांक 13 मई 2010

प्रति,
समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
मध्यप्रदेश।

विषयः– शिक्षण सत्र 2010–2011 की शैक्षणिक गतिविधियों का वार्षिक पंचांग।

प्रदेश में शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दृष्टि से म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष शैक्षणिक कलेण्डर जारी किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में आयोजित होने वाली समस्त गतिविधियों हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना है। शैक्षणिक कलेण्डर को और अधिक उपयोगी बनाने की दृष्टि से इसमें पाठ्यक्रम के साथ पाठ्य क्रमेत्तर गतिविधियों का समावेश तो किया ही है साथ ही मैदानी अधिकारियों के प्रमुख दायित्वों का उल्लेख भी इसमें कर दिया गया है।

शैक्षणिक कलेण्डर एक मार्गदर्शक के रूप में है। कलेण्डर में वर्णित गतिविधियों के अलावा अन्य अनेक ऐसे क्रियाकलाप हो सकते है जो विद्यार्थी के चहुंमुखी विकास में सहायक हों, ऐसी गतिविधियों का समावेश प्राचार्यगण अपने स्तर पर कर सकते हैं। प्रयास यह किया गया है कि कलेण्डर में छात्र कल्याणकारी योजनाओं का भी समावेश हो जाये।

यह आपको विदित ही है कि भारत सरकार द्वारा – द राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एण्ड कम्पलसरी एजूकेशन एक्ट 2009 लागू किया जा चुका है। इस एक्ट के बिन्दु 09 – एम में यह उल्लेख किया गया है कि ''प्रत्येक स्थानीय निकाय अकादमिक कलेण्डर का निर्धारण करेगा।'' अतः कक्षा 1 से 8 तक के लिए स्थानीय निकाय इस कलेण्डर को आधार बनाकर अथवा स्वतंत्र रूप से स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप अकादमिक कलेण्डर का निर्माण कर सकते है।

कक्षा 9 से 12 तक की समस्त गतिविधियां कलेण्डर अनुसार निर्धारित समय में सम्पन्न की जायें एवं अध्यापन हेतु निर्धारित इकाईयां समय पर पूर्ण कर ली जायें।

(बी. राजगोपाल नायडू)
आयुक्त
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक कमांक/विद्या/ई/98/2010/459 भोपाल, दिनांक 13 मई 2010

प्रतिलिपि :—

1. विशेष सहायक माननीय मंत्री जी स्कूल शिक्षा की ओर एकल नस्ती पर प्राप्त अनुमोदन दिनांक 03/05/2010 के अनुक्रम में सादर सूचनार्थ
2. विशेष सहायक, मान. राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल।
3. विशेष सहायक, माननीय मंत्री, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, भोपाल।
4. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग।
5. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण।
6. आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश।
7. आयुक्त आदिवासी विकास विभाग मध्यप्रदेश।
8. समस्त आयुक्त, राजस्व संभाग, मध्यप्रदेश।
9. आयुक्त, जनसंपर्क मध्यप्रदेश।
10. सचिव मानवाधिकार आयोग मध्यप्रदेश भोपाल।
11. प्रबंध संचालक,मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम भोपाल।
12. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
13. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश।
14. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मध्यप्रदेश।
15. संचालक मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल मध्यप्रदेश।
16. निदेशक, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल।
17. सचिव, मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड भोपाल।
18. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, मध्यप्रदेश।
19. समस्त प्राचार्य, शासकीय शिक्षा महाविद्यालय मध्यप्रदेश।
20. समस्त प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मध्यप्रदेश।
21. समस्त जिला परियोजना समन्वयक मध्यप्रदेश।
22. समस्त प्राचार्य, हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी, मध्यप्रदेश।
23. समस्त सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग मध्यप्रदेश।
24. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी/विकास खण्ड स्रोत समन्वयक मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

आयुक्त
लोक शिक्षण संचालनालय
मध्यप्रदेश

शैक्षणिक कलेण्डर वर्ष 2010–2011

सुनियोजित कार्ययोजना का निर्धारण तथा उसका क्रियान्वयन किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति का सर्वाधिक सशक्त माध्यम है। गुणवत्तापरक शिक्षा हेतु शिक्षण कार्य तथा विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों आदि का सुविचारित तथा समयबद्ध निर्धारण अत्यन्त आवश्यक है। इस दृष्टि से शैक्षणिक कलेण्डर तैयार किया गया है।

1. उद्देश्य ::

- शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को अपने–अपने विद्यालय की विद्यालयवार कार्ययोजना के निर्माण हेतु अभिप्रेरित करना।
- राज्य शासन द्वारा विद्यार्थियों के हितार्थ संचालित योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को समय पर मिले, इसकी रणनीति सुनिश्चित करना।
- विद्यालयों में शाला प्रबंधन समिति, पालक शिक्षक संघ की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना।
- विद्यालयों में प्रार्थना तथा शाला सभा के दौरान प्रेरक तथा नैतिक शिक्षा प्रदान करना।
- मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय एवं मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में पाठ्यक्रम एवं पाठ्यसहगामी गतिविधियों के आयोजन में एकरूपता बनाये रखना।
- शाला मूल्यांकन हेतु निर्धारित सूचकांकों के आधार पर शाला का मूल्यांकन कर उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराना।
- विद्यार्थियों के चतुर्दिक् विकास से सम्बद्ध समस्त पक्षों के क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना।
- समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने हेतु छात्रों को गुणात्मक एवं सुव्यवस्थित शिक्षा के अवसर प्रदान करना।
- विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करने एवं उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिये वातावरण निर्माण करना।
- पालक, शिक्षक,प्रशासक एवं विद्यार्थियों को समस्त विद्यालयीन वार्षिक गतिविधियों से अवगत कराना, जिससे वे अपने वैयक्तिक एवं सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु रणनीति तैयार कर सकें तथा विद्यार्थियों को शैक्षिक, व्यावसायिक एवं समाज की मांग के अनुसार सभी क्षेत्रों में दक्ष कर सकें।
- विद्यार्थियों की शिक्षा से जुड़े सभी सम्बद्ध पक्षों यथा– शिक्षकों ,पालकों एवं प्रशासकों को उनसे की गई अपेक्षाओं के अनुरूप उन्हें उचित निर्देश ,सुझाव एवं लक्ष्य उपलब्ध कराना।
- विद्यार्थियों में सृजनात्मक प्रतिभा विकसित करना।
- विद्यार्थियों के सतत मूल्यांकन संबंधी प्रणाली को प्रभावी बनाना।
- प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करना।
- निःशक्त बच्चों में आत्म विश्वास बढ़ाना तथा उनमें अन्तर्निहित प्रतिभा को निखारना।
- राष्ट्रीय पर्वों तथा उत्सवों के आयोजन द्वारा विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता ,अखण्डता, भारतीय संस्कृति एवं देशप्रेम की भावना जागृत करना तथा उन्हें सामाजिक मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाना।
- संस्था प्रधान एवं शिक्षकों को उनके दायित्वों का बोध कराना।
- संस्थाओं के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण की प्रभावी प्रणाली विकसित करना।
- गत वर्षो के सफल शैक्षणिक प्रयोगों को आगामी शैक्षणिक सत्र में भी जारी रखना।
- छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु सुयोग्य बनाना।
- विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से खेल, एन.सी.सी., एन.एस.एस, स्काउट, रेडक्रास, योग आदि गतिविधियों का समयबद्ध आयोजन करना।
- विद्यालयों में छात्रों की नियमित उपस्थिति हेतु विशेष प्रयास करना।

- विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करना।
- प्राचार्यों को अपने स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने हेतु प्रेरित करना।
- सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराना।
- विद्यालयों में विद्यार्थियों को कॅरियर संबंधी समुचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना।
- बालकों को स्वास्थ्य रक्षण के प्रति जागरुक करना।
- विद्यार्थी ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग कर सकें, इस हेतु चित्रकला, क्रियेटिव लेखन, नृत्य–संगीत खेलकूद, अंग्रेजी, गणित आदि के शिविर आयोजित करने हेतु प्रोत्साहित करना।
- छः से चौदह वर्ष तक की आयु वाले सभी बच्चों हेतु निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने के राज्य द्वारा निर्धारित उपबंधों का पालन सुनिश्चित करना।

2. संस्था प्राचार्य के दायित्व

शाला संचालन में प्राचार्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्राचार्य को शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रमुख के रूप में अपनी दोहरी भूमिका का निर्वहन करना होता है। प्राचार्य के प्रमुख दायित्व इस प्रकार हैंः–

2.1 विद्यालय की कार्ययोजना शिक्षकों की पूर्ति तथा स्वयं द्वारा अध्यापन :–

2.1.1 गतवर्षानुसार विद्यालयवार कार्ययोजना का निर्माण किया जाये जिसमें विगत परीक्षा परिणाम के आधार पर आगामी वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत की जाये।

2.1.2 विद्यालयों में विषयमान के अनुसार शिक्षकों की कमी–पूर्ति करने की दृष्टि से आवश्यकता का आकलन एवं विषय शिक्षकों की पूर्ति हेतु योग्य अतिथि शिक्षकों को चिहि्नत करना।

2.1.3 कक्षा 1 से 8 वीं के स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर सेवानिवृत्त शिक्षकों की नियुक्ति पे (–) पेंशन के आधार पर करना ।

2.1.4 प्राचार्य अपनी संस्था में नियमित कालखण्ड लेकर अध्यापन करेंगे।

2.2 योजनाओं का समयसीमा में क्रियान्वयन :–

- विद्यार्थियों के कल्याण हेतु संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं **यथा–** निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, साइकिल वितरण, मध्याहन भोजन, समस्त छात्रवृत्ति/शिष्यवृत्ति, केरियर मार्गदर्शन आदि का क्रियान्वयन नियत समयसीमा में सुनिश्चित किया जाना।
- बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत पात्र बालिकाओं के बैंक में खातों का खोला जाना एवं उसकी प्रविष्टि निर्धारित समयसीमा में एजूकेशन पोर्टल पर करना।
- विज्ञान शिक्षा प्रोत्साहन हेतु इन्स्पायर अवार्ड योजना अन्तर्गत कक्षा 6 से 10 तक के पात्र छात्रों की प्रविष्टि निर्धारित समयसीमा में एजूकेशन पोर्टल पर करना।

2.3 ग्रीष्मावकाश हेतु कार्ययोजना :–

ग्रीष्मावकाश के लिए विशेष कार्ययोजना बनायी जाये जिसमें मुख्य रूप से भवन के रख–रखाव, रंगाई–पुताई, फर्नीचर रिपेयरिंग, भौतिक सत्यापन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय आदि को विशेष प्राथमिकता दी जाये। विद्यार्थियों हेतु ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन किया जाये जिसमें चित्रकला, नृत्य–संगीत, खेलकूद, अंग्रेजी, गणित आदि का विशेष प्रशिक्षण दिया जाये।

म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक एफ 2008/राशिके/08/2407 दिनांक 21.4.08, 1244/725/2008/20–3, दिनांक 20.6.08 तथा 1548/725/08/20–3, दिनांक 22.7.08 में दिये गये निर्देशानुसार राजस्व अभिलेखों में शाला के नाम भूमि का नामांतरण सुनिश्चित किया जाये।

2.4 विभिन्न योजनाओं को विद्यालय के मुख्य स्थान पर चस्पा करना :–

उपर्युक्त बिन्दु 2.2 में वर्णित योजनाओं को विद्यालय के मुख्य पटल पर चस्पा कर ऐसे स्थान पर संस्थापित किया जाये जहाँ सभी अवलोकन कर सकें।

2.5 विद्यालयों हेतु निर्धारित सूचकांकों के आधार पर शालाओं का मूल्यांकन :–

म.प्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्र./1756/2009/20–4 भोपाल दिनांक 23.12.2009 द्वारा विद्यालयों की ग्रेडिंग हेतु निर्धारित मापदण्ड निम्न अनुसार हैं :–

स.क्र.	मापदण्ड	निर्धारित अंक
1	विद्यालय की अधोसंरचना (भवन, बाउण्ड्रीवाल, पेयजल, टायलेट, सुरक्षात्मक उपाय)	10 अंक
2	नियमित प्राचार्य पदस्थापना	5 अंक
3	विद्यालय में स्वीकृत पदों के अनुसार कार्यरत स्टाफ	10 अंक
4	विगत 3 वर्षों का 10वीं/12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम	10 अंक
5	विद्यालयीन अभिलेखों का संधारण	5 अंक
6	विद्यालय में उपलब्ध आर्थिक संसाधन	5 अंक
7	कैरियर मार्गदर्शन	5 अंक
8	विद्यालय में सामाजिक सरोकार हेतु जागरूकता	5 अंक
9	विद्यालय में उपलब्ध खेलकूद सुविधाएँ एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन	10 अंक
10	विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं जीवन कौशल का विकास	5 अंक
11	विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास	5 अंक
12	विद्यालय का पर्यावरण (विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण एवं सुरुचिपूर्ण वातावरण हेतु किये गये प्रयास)	10 अंक
13	विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण	5 अंक
14	विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन के संबंध में जागरूकता	5 अंक

नोटः–

- 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यालय — ए ग्रेड में
- 71 – 80% — बी ग्रेड में
- 61 – 70% — सी ग्रेड में
- 51 – 60% — डी ग्रेड में
- 50% से कम — ई ग्रेड में

2.6 बच्चों की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधान लागू करवाना –

बच्चों की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम (The Right of Children to Free and Compulsory Education Act 2009) 1 अप्रेल 2010 से लागू है। अधिनियम के प्रावधानों के तहत 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन, शत–प्रतिशत उपस्थिति तथा शत–प्रतिशत बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कराने की संवैधानिक अनिवार्यता राज्य सरकार तथा स्थानीय निकायों की है। इस अधिनियम के मुख्य प्रावधान निम्नांकित हैं –

(अ) 6 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा– अनिवार्य प्रवेश, उपस्थिति एवं प्रारंभिक शिक्षा की अनिवार्य पूर्णता सुनिश्चित करना।

(आ) अनामांकित एवं शाला से बाहर बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था करना

(इ) किसी भी बच्चे को कक्षा 8 तक फेल करने पर प्रतिबंध।

(ई) बच्चों को शारीरिक दण्ड देने एवं मानसिक रूप से प्रताडित करना पूर्णतः प्रतिबंधित ।

(उ) समस्त बच्चों के लिए उनके निर्धारित पड़ोस (Neighbourhood) में शिक्षा की सुविधा 3 वर्ष में उपलब्ध कराने की राज्य सरकार तथा स्थानीय निकायों की बाध्यता।

(ऊ) नियत मापदण्ड के अनुरूप प्रत्येक शाला में अधोसंरचना की व्यवस्था 3 वर्ष में, शिक्षक छात्र अनुपात अनुरूप शिक्षकों की व्यवस्था 6 माह में सुनिश्चित करना।

(ए) अच्छी गुणवत्ता की प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना।

(ऐ) शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य में लगाना प्रतिबंधित (दशकीय जनगणना, चुनाव एवं आपदा राहत को छोड़कर)

(ओ) शाला विकास योजना निर्माण, प्रबंधन, मानीटरिंग का कार्य स्थानीय निकाय के सहयोग से शाला प्रबंधन समिति द्वारा किया जाना ।

(औ) निजी स्कूल में भी केपिटेशन फीस एवं प्रवेश के लिए स्क्रीनिंग प्रतिबंधित।

(अं) गैर अनुदान प्राप्त शालाओं के लिए अपने पड़ोस के न्यूनतम 25 प्रतिशत बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदाय करना अनिवार्य होगा। राज्य द्वारा किया जा रहा प्रति छात्र व्यय अथवा गैर अनुदान प्राप्त शाला की वास्तविक फीस जो भी कम हो, के आधार पर राज्य द्वारा फीस की प्रतिपूर्ति की जायेगी।

(अः) बिना मान्यता के किसी भी स्कूल का संचालन नहीं किया जा सकेगा।

(क) प्रत्येक शाला हेतु न्यूनतम कार्य दिवस एवं शिक्षण के घंटे निर्धारित रहेंगे।

(ख) इस अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु शाला स्तर पर की जाने वाली कार्रवाई अथवा शिक्षक से अपेक्षित कार्रवाई निम्नानुसार है :-

2.6.1 धारा 3 के अनुसार सभी बच्चों को अनिवार्यतः प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जानी है। अतः शासकीय शालाओं में अब किसी भी बच्चे से कोई शुल्क अथवा राशि नहीं ली जायेगी, जो उसकी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने में बाधक हो।

2.6.2 धारा 4 के अनुसार चिह्नित शाला से बाहर बच्चों को सर्वप्रथम उनकी आयु के अनुरूप कक्षा में दर्ज कराया जायेगा तदुपरान्त उनके लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था, आवासीय ब्रिज कोर्स एवं गैर आवासीय ब्रिज कोर्स के माध्यम से की जायेगी अर्थात कोई भी बच्चा शाला से बाहर नहीं रहेगा।

2.6.3 धारा 5 के अनुसार बच्चों द्वारा शाला छोड़ने पर उन्हें स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (TC) तुरन्त प्रदान करने का दायित्व शाला के प्रधानाध्यापक का होगा। ऐसी शाला जो प्राथमिक स्तर तक की है उनमें कक्षा 5 वीं पास करने वाले बच्चों को अंक सूची के साथ ही स्थानान्तरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा। अन्य परिस्थितियों में छात्र द्वारा आवेदन करने पर स्थानान्तरण प्रमाण पत्र जारी करने हेतु 7 दिवस की समय सीमा में प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। धारा 5(2) के अनुसार समय सीमा में स्थानान्तरण प्रमाण पत्र प्रदान न करने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

2.6.4 धारा 14 (2) के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र न होने पर भी किसी भी बच्चे को शाला में प्रवेश से इंकार नहीं किया जायेगा।

2.6.5 धारा 16 के अनुसार किसी भी बच्चे को किसी कक्षा में रोका नहीं जाएगा तथा न ही शाला से बाहर किया जाएगा जब तक कि बच्चा प्रारंभिक शिक्षा पूरी नहीं कर लेता।

2.6.6 धारा 17 के अनुसार शाला में बच्चे को शारीरिक अथवा मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं किया जाएगा।

2.6.7 धारा 24 के अनुसार शाला के शिक्षकों के लिए भी अधिनियम में अकादमिक उत्तरदायित्व निर्धारित किया गया है। इसकी पूर्ति न करने पर शिक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। अकादमिक उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :-

(अ) विद्यालय में उपस्थित होने में नियमितता और समय पालन।

(आ) समय सीमा में पाठ्यक्रम संचालित करना और उसे पूरा करना।

(इ) विनिर्दिष्ट समय के भीतर संपूर्ण पाठ्यक्रम पूरा कराना।

(ई) प्रत्येक बालक की शिक्षा ग्रहण करने की क्षमताओं का आकलन करना, और उसके अनुरूप आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पठन-पाठन कराना।

(उ) माता-पिता और संरक्षकों के साथ समय के साथ नियमित बैठकें करना और बालक

की उपस्थिति में नियमितता, शिक्षा ग्रहण करने की क्षमता, उसकी प्रगति और किसी अन्य सुसंगत जानकारी के बारे में उन्हें अवगत कराना।

(ऊ) ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करना जो चिन्हित किये जाएँ।

2.6.8 धारा 28 के अनुसार कोई भी शिक्षक प्राइवेट ट्यूशन अथवा प्राइवेट रूप से पढ़ाने का कार्य नहीं कर सकेगा।

2.6.9 धारा 30(2) के अनुसार प्रत्येक बच्चे का प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण होने तक लर्निंग रिकार्ड रखना अनिवार्य होगा।

2.6.10 धारा 29(2) के अनुसार शाला में बच्चों को गतिविधि आधारित प्रक्रियाओं एवं बाल केन्द्रित गतिविधियों के माध्यम से पठन–पाठन कराया जायेगा।

2.6.11 अधिनियम की अनुसूची में पठन–पाठन के घन्टे भी निर्धारित हैं–

न्यूनतम कार्य दिवस/शिक्षण के घंटे

(क) न्यूनतम कार्य दिवस – प्राथमिक स्तर– 200 दिवस

(ख) न्यूनतम कार्य दिवस – माध्यमिक स्तर– 200 दिवस

(ग) प्राथमिक स्तर – 800 शैक्षणिक घंटे

(घ) माध्यमिक स्तर – 1000 शैक्षणिक घंटे

(ङ) शिक्षक के लिए सप्ताह में न्यूनतम कार्य के घंटे –45 घंटे (पठन–पाठन तैयारी के घंटे) अर्थात् शिक्षक को शाला में बच्चों के आने के समय से एक घंटे पहले आना एवं बच्चों के जाने के एक घंटे बाद जाना।

2.7 शाला प्रबंधन समिति संबंधी गतिविधियां :–

शासकीय प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर तक की शालाओं में इस अधिनियम के तहत अब पालक शिक्षक संघ का स्वरूप परिवर्तित होगा। अब शाला स्तर पर एक शाला प्रबंधन समिति होगी जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधि, अभिभावक एवं शिक्षक सम्मिलित होंगे ताकि सामुदायिक सहभागिता को बढावा मिल सके। इस शाला प्रबंधन समिति में 3/4 सदस्य– अभिभावक, 50 प्रतिशत महिलाएं, कमजोर एवं वंचित वर्ग को आनुपातिक प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। शाला प्रबंधन समिति निम्नानुसार कार्य करेगी :–

(अ) शाला के क्रियाकलाप को मॉनिटर करना।

(आ) शाला विकास योजना ऐसे प्रारूप में तैयार करना जो शासन निर्धारित करे तथा उसकी अनुशंसा करना–शाला विकास योजना में सामान्यतः :–

2.7.1 कक्षावार वार्षिक नामांकन का आकलन

2.7.2 अनुसूची में दर्शित मापदण्डों के अनुसार आगामी 3 वर्षो के लिए शिक्षकों की आवश्यकता का आकलन करना ।

2.7.3 अनुसूची में दर्शित मापदण्डों के अनुसार आगामी 3 वर्ष के लिए अधोसंरचना एवं उपकरणों की आवश्यकता का आकलन करना ।

2.7.4 अगले 3 वर्ष हेतु वार्षिक वित्तीय आवश्यकता, शिक्षक अधोसंरचना, बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण, निःशुल्क पाठयपुस्तक, गणवेश, साइकिल, छात्रवृत्ति, शाला के दायित्वों के निर्वहन हेतु अतिरिक्त वित्तीय आवश्यकता इत्यादि, की गणना सम्मिलित होगी।

(क) शाला को प्राप्त राशि के उपयोग को मॉनिटर करना । शाला विकास योजना के आधार पर ही शाला को अनुदान अथवा राशि प्रदान करना।

(ख) अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप बच्चों की शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करना।

(ग) शिक्षक एवं छात्रों को विद्यालय में उपस्थित होने में नियमितता और समय पालन सुनिश्चित करना ।

(घ) माता–पिता और संरक्षकों के साथ नियमित बैठकें करना और बालक की उपस्थिति में नियमितता, शिक्षा ग्रहण करने की क्षमता, उसकी प्रगति और किसी अन्य सुसंगत जानकारी के बारे में उन्हें अवगत कराना ।

(ङ) कोई भी शिक्षक प्राइवेट ट्यूशन नहीं करे अथवा प्राइवेट रूप से पढ़ाने के कार्य में स्वयं को संलिप्त नहीं करे, इसे सुनिश्चित करना ।

(च) कोई भी शिक्षक गैर शिक्षकीय कार्य में नहीं लगाया जाये।

(छ) अनुसूची में दिये गये मापदण्डों के अनुसार क्रियान्वयन को मॉनिटर करना ।

(ज) सभी बच्चों का पड़ोस में स्थापित स्कूल में नामांकन, उनकी नियमित उपस्थिति को सुनिश्चित करना ।

(झ) बच्चों की शिक्षा के अधिकार का हनन होने, उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, प्रवेश देने से इंकार करने, शुल्क लेने की स्थिति में स्थानीय निकाय को सूचित करना ।

(ञ) 6 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे बच्चे जो शाला में नहीं है, की आवश्यकताओं की पहचान उसकी पूर्ति हेतु योजना बनाना एवं क्रियान्वित करना ।

(ट) विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के नामांकन एवं उपस्थिति तथा उनके उपलब्धि स्तर को निरंतर मानिटर करना ।

(ठ) शाला में मध्यान्ह भोजन को मॉनिटर करना ।

(ड) वार्षिक प्राप्तियों एवं व्यय का ब्यौरा तैयार करना ।

(ढ) माह में एक बार शाला प्रबंधन समिति की बैठक करना ।

2.8 पालक शिक्षक संघ के सहयोग से निम्नानुसार गतिविधियॉ सुनिश्चित करना –

हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी स्कूलों में पालक शिक्षक संघ का गठन लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र क्रमांक/विद्या/03/ई/515 दिनांक 25/07/2003 तथा संशोधित नियमावली पत्र क्रमांक/विद्या/ई/35/2007/2160 भोपाल दिनांक 11/09/2007 के संलग्न नियमावली अनुसार किया जाये। इसकी बैठक प्रतिमाह आयोजित की जाए। आवश्यकतानुसार अधिक बैठकों का आयोजन भी किया जा सकता है।

2.8.1 शाला में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिये जिससे कि छात्र छात्राओं को पीने के पानी की बोतल साथ न लाना पड़े।

2.8.2 पालक–शिक्षक संघ एवं स्कूल प्रबंधन की संयुक्त भागीदारी से बस्ते के बोझ को कम करने के लिये स्वनिगमित व्यवस्था स्थापित की जाना चाहिये। बैठकों में व्यापक विचार–विमर्श के उपरांत आवश्यक व्यवस्थाएं सत्रारंभ के पूर्व सुनिश्चित की जायें। इसके लिये लॉकर की व्यवस्था, पाठ्य सामग्री, नोटबुक आदि सत्र के हिसाब से निश्चित किया जाना चाहिए।

2.8.3 शाला की समय सारिणी में इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि सभी पुस्तकें प्रतिदिन शाला में न लानी पडे। यह भी विचार होना चाहिये कि क्लास एवं होमवर्क के लिये पृथक्–पृथक् नोटबुक तैयार किया जाना आवश्यक है अथवा नहीं, और किस दिन कौनसी नोटबुक लानी चाहिये।

2.8.4 म.प्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक 362/2005/20–1 दि. 10.02.2005 द्वारा प्रदेश की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के वातावरण को व्यवधानमुक्त बनाने के लिये विद्यालय प्रांगण में मोबाइल लाना प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश के आदेश क्रमांक/विद्या/ई/2005/80 दिनांक 14.02.2005 द्वारा दिये गये निर्देशों का परिपालन समस्त शिक्षण संस्थाओं में सुनिश्चित किया जाना चाहिये।

2.8.5 बच्चों को शारीरिक दण्ड न देने के संबंध में शिक्षकों को सचेत करना चाहिए और पालक–शिक्षक संघ को भी इस संबंध में जागरूक रहना चाहिये कि इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए।

2.8.6 अग्नि दुर्घटना हेतु बनाये गये नगरीय कल्याण विभाग के नियमों का पालन शाला भवन के निर्माण हेतु सुनिश्चित हो।

2.8.7 विद्यालयीन छात्रों को स्कूल ले जाने वाले एवं घर पहुंचाने वाले प्रत्येक वाहनों को सूचीबद्ध कर उनसे अनुबंध करते समय अनिवार्यरूप से घरेलू एल.पी.जी. गैस से वाहन संचालित न करने की शर्त रखी जानी चाहिये। स्कूल द्वारा संचालित किये जाने वाले वाहनों के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय के **पत्र क्रमांक विद्या/पी/06/15/300 भोपाल दिनांक** 16.3.2006 में दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये।

2.8.8 जिले के सभी स्कूलों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्धारित डिजाइन ले–आउट आधारित टायलेट/यूरिनल की व्यवस्था छात्र एवं छात्राओं के लिये पृथक–पृथक आवश्यक रूप से की जानी चाहिये।

2.8.9 निःशक्त बच्चों के लिये विद्यालयों में रैम्प की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाये। विकासखण्ड स्तर पर CWSN हेतु मूल्यांकन एवं उपकरण वितरण शिविर लगाए जायें।

2.8.10 प्रत्येक माह संस्था प्रधान द्वारा निर्धारित तिथि को संस्था के सभी शिक्षकगण पालकों से सम्पर्क करेंगे। इस दिन शिक्षक पालकों के घर जायेंगे और अगले दिन संस्था प्रधान को प्रतिवेदन देंगे।

2.8.11 मासिक, तिमाही तथा छमाही परीक्षा परिणामों की समीक्षा तथा उसके आधार पर दिये जाने वाले अधिभार के आधार पर समीक्षा करके कमजोर छात्रों के लिए निदानात्मक कक्षाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

2.8.12 शिक्षण सत्र के प्रारम्भ में ही शाला की रंगाई, पुताई एवं टूट–फूट को ठीक करा लिया जाये।

2.8.13 ऐसे विद्यालय जहाँ भृत्य नहीं है, वहाँ पर शाला में साफ–सफाई हेतु विद्यालय की आकस्मिक निधि अथवा **शाला शिक्षा कोष** से इस हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

2.8.14 शाला में शिक्षण कार्य के अलावा अनेक योजनाएँ तथा गतिविधियां संचालित होती हैं। प्राचार्य/प्रधानाध्यापक/वरिष्ठ शिक्षक का यह दायित्व है कि वह इन गतिविधियों की प्रतिमाह समीक्षा करे तथा आगामी माह के प्रथम सप्ताह में जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाये।

2.8.15 प्रमुख गतिविधियां तथा उनकी समीक्षा की समयसारिणी निम्नानुसार हैः–

क्रमांक	बिन्दु	समयचक्र
1.	शाला में प्रवेश एवं ठहराव (रिटेंशन) संबंधी समीक्षा	अप्रैल से अगस्त
2.	स्कूल चलें हम	अप्रेल, जून
3.	शाला मूल्यांकन हेतु निर्धारित सूचकांकों के आधार पर शाला की स्थिति ज्ञात कर आवश्यक सुधार करना	प्रतिमाह
4.	शाला प्रबंधन समिति/पालक शिक्षक संघ का गठन	अप्रैल, जुलाई
5.	स्कूलों में मासिक परीक्षा के मूल्यांकन की स्थिति की समीक्षा	प्रतिमाह
6.	तिमाही/छमाही मूल्यांकन के आधार पर अधिभार की समीक्षा	सितम्बर एवं दिसम्बर
7.	स्कूलों में निदानात्मक कक्षाओं के आयोजन की समीक्षा	सितम्बर से निरन्तर
8.	अधिक नामांकन वाले विद्यालयों की सतत मानीटरिंग	प्रतिमाह
9.	अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता का आकलन एवं व्यवस्था	अप्रैल से निरन्तर
10.	विद्यालयों के विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति की समीक्षा	प्रतिमाह
11.	विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा	मई–जून
12.	शिक्षकों के प्रशिक्षण की समीक्षा	मई से जनवरी
13.	छात्र कल्याणकारी योजनाओं – निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, साइकिल, गणवेश, छात्रवृत्ति, बालिका प्रोत्साहन, इन्स्पायर अवार्ड योजना, सेवानिवृत शिक्षकों की सेवाओं का उपयोग, केरियर मार्गदर्शन, एक स्कूल अपनाओ, जेनिसिस योजना, ब्राजील में अर्न्तराष्ट्रीय बाल एवं युवा सम्मेलन, विज्ञान मंथन, सेना में भर्ती पूर्व प्रशिक्षण आदि के समयबद्ध क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा	अप्रैल से निरंतर प्रतिसप्ताह
14.	अकादमिक कलेण्डर के अनुसार गतिविधियों के आयोजन की समीक्षा	प्रतिमाह
15.	विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिये प्रयास की समीक्षा	सतत
16.	संकुल अंतर्गत स्कूलों का अकादमिक निरीक्षण	प्रतिमाह
17.	संकुल अंतर्गत स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण,	प्रतिमाह
18.	विभिन्न उत्सवों, यथा– मोगली उत्सव, बाल दिवस, बालरंग, बालफिल्म, साहित्यिक, सांस्कृतिक, विज्ञान, संस्कृत, कालिदास समारोह, मदरसा	प्रतिमाह

	प्रतियोगिताए, निःशक्त बच्चों की तथा योग, खेलकूद आदि प्रतियोगिताओं की समीक्षा	
19.	विभिन्न विद्यालयों के लेखों का विशेष परीक्षण एवं भण्डार का भौतिक सत्यापन	अप्रेल, मई, जून
20.	विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण/स्वास्थ्य परीक्षण	प्रतिमाह
21.	कॅरियर मार्गदर्शन	प्रतिमाह–द्वितीय शनिवार
22.	संकुल अंतर्गत शाला की भूमि शाला के नाम नामांतरण की समीक्षा	प्रतिमाह
23.	दक्षता संवर्धन	प्रतिमाह
24.	जल संवर्धन (रेन वाटर हारवेस्टिंग)	मई से जुलाई
25.	पौधारोपण	जुलाई–अगस्त
26	एजूकेशन पोर्टल का अवलोकन एवं प्रविष्टियों का अद्यतनीकरण	प्रतिदिन

2.9 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरणः–

बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना लागू की गई है। इसके अन्तर्गत –

2.9.1 ऐसी बालिकायें, जिनके गांव में माध्यमिक शाला नहीं है और वे कक्षा छठी में दूसरे गांव में स्थित माध्यमिक शाला में प्रवेश लेती हैं तो उन्हें निः शुल्क साइकिल प्रदाय की जायेगी।

2.9.2 ऐसी बालिकायें जिनके गांव में हाईस्कूल/ हायर सेकेण्डरी नहीं है और वे कक्षा नवमीं में दूसरे गांव में स्थित हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी में प्रवेश लेती हैं तो उन्हें निः शुल्क साइकिल प्रदाय की जायेगी।

2.9.3 ऐसी बालिकायें जिनके गांव में हायर सेकेण्डरी नहीं है और वे कक्षा 11वीं/12वीं में दूसरे गांव में स्थित हायर सेकेण्डरी में प्रवेश लेती हैं तो उन्हें निः शुल्क साइकिल प्रदाय की जायेगी। बशर्ते उस बालिका को इस योजना के अन्तर्गत पूर्व में साइकिल प्रदाय नहीं की गई हो। अर्थात् कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययन करने वाली छात्रा को केवल एक बार ही साइकिल प्रदाय की जायेगी।

2.10 स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से स्वच्छ पेयजल, फर्नीचर, की व्यवस्था :–

शिक्षण संस्थाओं तथा जिला स्तर से यह प्रयास किये जाये कि रोटरी क्लब आदि स्वैच्छिक संगठनों का सहयोग प्राप्त करके स्कूलों में स्वच्छ पेयजल, फर्नीचर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इस हेतु स्थानीय निधि से 25 प्रतिशत राशि देकर शेष राशि संगठनों द्वारा वहन करने हेतु प्रेरित किया जाये।

2.11 शौचालय की व्यवस्था :–

विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था की जाये। यह भी देखा जाये कि जो शौचालय बने हैं उनमें साफ–सफाई/वाटर सप्लाई हो रही है अथवा नहीं। आवश्यक होने पर सफाई हेतु व्यक्ति को रखा जा सकता है। यदि किन्हीं शौचालयों की साफ–सफाई नहीं हो रही है तो शौचालय न होना ज्यादा अच्छा है, अस्वच्छ शौचालय बीमारी फैलाता है।

3. जिला शिक्षा अधिकारी के दायित्वः–

3.1 शासन, लोक शिक्षण संचालनालय, राज्य शिक्षा केन्द्र, संभागीय संयुक्त संचालक आदि वरिष्ठ कार्यालय स्तर से जारी विभागीय दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना।

3.2 जिले के समस्त प्राचार्यों द्वारा किये जाने वाले सभी कार्यों की मासिक समीक्षा (प्रत्येक माह का **द्वितीय सप्ताह)**।

3.3 जिले के समस्त शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों में बच्चों की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के उपबंधों का पालन सुनिश्चित कराना।

3.4 जिले के समस्त शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों में शैक्षिक, अकादमिक एवं अन्य क्रिया कलाप में समन्वय की दृष्टि से जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाये ताकि वे आपसी अनुभव का आदान–प्रदान कर एक दूसरे के नवाचारों से परिचित हो सकें। **(वर्ष में दो बार)**

3.5 एक स्कूल अपनाओ अभियान अन्तर्गत जिले के प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी के शासकीय अधिकारियों द्वारा एक–एक शासकीय स्कूल को गोद लिया जाये।

3.6 जिला शिक्षा अधिकारी/विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी निरीक्षण के दौरान किसी एक विद्यालय में एक कालखण्ड का अध्यापन अनिवार्यतः करेंगे।

3.7 परीक्षाफल उन्नयन हेतु स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग से समन्वय रखा जाए।

4. संभागीय संयुक्त संचालक के दायित्व :–

4.1 शासन, लोक शिक्षण संचालनालय, राज्य शिक्षा केन्द्र आदि वरिष्ठ कार्यालय स्तर से जारी विभागीय दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना।

4.2 संभागान्तर्गत जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा जिला परियोजना समन्वयक एवम् संभागीय डिपो प्रबन्धक आदि द्वारा किये जाने वाले नियमित कार्यों की मासिक समीक्षा (प्रत्येक माह के **तृतीय सप्ताह)**

4.3 संभागान्तर्गत जिले के संकुल प्राचार्यो, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा विकास खण्ड स्रोत समन्वयकों द्वारा किये जाने वाले नियमित कार्यों की समीक्षा **(प्रत्येक माह न्यूनतम एक जिला)**

4.4 संभागान्तर्गत समस्त शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों में बच्चों की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के उपबंधों का पालन सुनिश्चित कराना।

4.5 संयुक्त संचालक निरीक्षण के दौरान किसी एक विद्यालय में एक कालखण्ड का अध्यापन अनिवार्यतः: करेंगे।

5. अकादमिक तथा आकस्मिक निरीक्षण

समस्त प्राचार्य अपने संकुल अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं का, जिला परियोजना समन्वयक तथा विकास खण्ड स्रोत समन्वयक, राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा निर्देशित संस्थाओं का तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी अधीनस्थ संस्थाओं का प्रत्येक माह तालिका में अंकित संख्या अनुसार अकादमिक तथा आकस्मिक निरीक्षण करेंगेः–

अधिकारी	निरीक्षण की जाने वाली संस्थाओं की संख्या						रात्रि विश्राम हेतु निर्धारित दिवस
	प्राथमिक	मिडिल	हाईस्कूल		हायरसेकेण्ड्री		
			आकस्मिक	अकादमिक	आकस्मिक	अकादमिक	
संयुक्त संचालक	**25**	**20**	**10**	**5**	**5**	**3**	**3**
जिला शिक्षा अधिकारी	**10**	**6**	**5**	**3**	**3**	**2**	**2**
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी	**40**	**20**	**2**				
संकुल प्राचार्य	**5**	**2**	**1**	**1**			
संयुक्त संचालक/जिला शिक्षा अधिकारी/विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी निरीक्षण के दौरान किसी एक विद्यालय में एक कालखण्ड का अध्यापन अनिवार्यतः करेंगे।			संकुल प्राचार्य अपनी शाला की न्यूनतम दो कक्षाओं का प्रतिदिन आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। संकुल अन्तर्गत निरीक्षण के दौरान किसी एक विद्यालय में एक कालखण्ड का अध्यापन अनिवार्यतः करेंगें।				

6. विद्यालय समयः–

(अ) समस्त शासकीय संस्थाएँ अनिवार्यतः एक पारी में ही संचालित की जायें। जिला शिक्षा अधिकारी से पूर्वानुमति प्राप्त करने के पश्चात् ही स्थानाभाव के कारण दो पारी में विद्यालय संचालित किये जा सकेंगे। कोई भी विद्यालय शिक्षकों की कमी के कारण दो पारी में नहीं लगाया जायेगा।

(आ) पालक शिक्षक संघ को यह भी अधिकार होगा कि जिला पंचायत के पूर्वानुमोदन से रविवार के स्थान पर साप्ताहिक हाट के दिन विद्यालय का अवकाश रख सकेंगे। ऐसी स्थिति में रविवार के दिन शाला लगेगी और यदि हाट वाले दिन अवकाश नहीं रखते हैं तो उस दिन पूरे समय शाला लगेगी।

पारी व्यवस्था निम्नानुसार की जा सकेगी :–

6.1. (अ) एक पारी विद्यालय – 7.30 घन्टे – शिक्षक समय – 9.30 से 5.00
विद्यार्थी समय – 10.30 से 4.30

(ब) दो पारी विद्यालय – 7.30 घन्टे – 1. शिक्षक समय – 6.30 से 2.00
विद्यार्थी समय – 7.00 से 12.00
2. शिक्षक समय – 10.30 से 6.00
विद्यार्थी समय –12.15 से 5.15

6.2 स्थानीय परिवेश एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पालक शिक्षक संघ विद्यालय प्रारंभ करने का समय निर्धारित कर सकेंगे किन्तु विद्यालय की निर्धारित अवधि किसी भी पारी में कम नहीं की जा सकेगी। **यथा–** एक पारी का विद्यालय 7.30 घन्टे से कम नहीं होगा।

6.3 दो पारियों में विद्यालय लगाने की अनुमति जिला शिक्षा अधिकारी से लेनी होगी। जिला शिक्षा अधिकारी सिर्फ भवन के अभाव में ही दो पारियों में विद्यालय लगाने की अनुमति दे सकेंगे। दी गई अनुमति की जानकारी जिला परियोजना समन्वयक, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को देना अनिवार्य होगा। दो पारियों में विद्यालय लगने की स्थिति में मध्यावकाश के समय में कटौती की जाकर शैक्षिक कालखण्डों का समय अनिवार्यतः 40 मिनट रखा जाये। मध्यावकाश 30 मिनट का रहेगा। प्रत्येक कालखण्ड न्यूनतम 40 मिनट का रहेगा। इस हेतु मध्यावकाश में से समय समायोजित किया जा सकता है।

6.4 दो पारी वाले विद्यालय में संस्था प्रधान तथा शिक्षकों को 7.30 घन्टे रहना अनिवार्य होगा।

6.5 संस्था प्रमुख विद्यालय में कम से कम दो कालखण्ड तथा अन्य सदस्य कम से कम पाँच कालखण्ड पठन–पाठन सामग्री की तैयारी एवं मूल्यांकन हेतु अनिवार्यतः लेंगे तथा दो काल खण्ड का पाठयक्रम एवं पठन–पाठन की सामग्री की तैयारी तथा मूल्यांकन कार्य भी समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

6.6 व्याख्याताओं द्वारा कक्षा 9वीं एवं 10वीं में अनिवार्यतः अध्यापन कार्य किया जाये।

6.7 प्रत्येक विद्यालय में खेल एवं योग का कालखण्ड चक्रीय क्रम में रखा जाए। खेल तथा योग का कालखण्ड 40 मिनट का होगा। इसमें 10 मिनट में योग तथा 30 मिनट में खेल गतिविधियाँ संचालित की जा सकेंगी। यह कालखण्ड चक्रानुक्रम में प्रथम से लेकर चतुर्थ कालखण्ड के बीच में रहेगा।

6.8 समय विभाग चक्र में सत्रारंभ से ही प्रति सप्ताह न्यूनतम तीन कालखण्ड निदानात्मक कक्षाओं हेतु रखे जायें।

6.9 मध्यावकाश के दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं व्यवहार पर शिक्षकों का नियंत्रण सुनिश्चित किया जाये।

7. सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम :–

प्रति सप्ताह अंतिम कार्यदिवस के प्रथम कालखण्ड में सभी विद्यार्थियों से सूर्य नमस्कार/प्राणायाम करवाया जाये। माह के अंतिम शनिवार/कार्य दिवस को सामूहिक सूर्य नमस्कार/ प्राणायाम किया जाये। इसमें छात्र–छात्राओं का सम्मिलित होना स्वैच्छिक रहेगा।

8. शाला सभा :–

विद्यालय में शाला सभा हेतु 20 मिनट का समय निर्धारित किया गया है जिसमें से 15 मिनिट प्रारंभ एवं 5 मिनिट शाला समाप्ति के समय निर्धारित हैं। जिसमें राष्ट्रगान–जनगणमन, राष्ट्रगीत–वन्देमातरम, प्रार्थना, श्लोक पाठ, सूक्ति वाचन, अनमोल वचन, प्रेरक प्रसंग, देश भक्ति गीत, ध्यान/मौन आदि आयोजित किये जायें। राष्ट्रगीत तथा राष्ट्रगान के समय शाला परिसर में उपस्थित सभी की सहभागिता सुनिश्चित की जाये।

शाला सभा के दौरान प्रेरणा गीत, देशभक्ति गीत, सर्वधर्म प्रार्थना तथा त्याग एवं समर्पण पर आधारित गीत इत्यादि का गायन कराया जाना चाहिये। इसके अंतर्गत बालसभा का आयोजन भी किया जाये जिसमें विद्यार्थियों भारतीय महापुरूषों, साहित्यकारों, क्रान्तिकारियों भारतीय वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, खिलाड़ियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का ज्ञान दिया जाये। न्याय पालिका, कार्यपालिका, स्थानीय निकाय, पत्रकारिता, भारतीय संस्कृति, संस्कार, समाज एवं परम्पराएं आदि की जानकारी दी जाये।

9. हाईस्कूल तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की स्थापना :–

प्रत्येक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों तथा हाईस्कूलों में कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की स्थापना की जाये। इस हेतु अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से रुपये 1/– प्रतिमाह की दर से रोजगार एवं शिक्षा समन्वय शुल्क एकत्रित किया जाये। यह राशि संबंधित विद्यालय द्वारा एकत्र कर अपने पास रखी

जायेगी एवं इस राशि से इस योजना पर होने वाले व्यय का भुगतान किया जा सकेगा। इसके अन्तर्गत समाचारपत्र, पत्रिकाएँ तथा प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें क्रय की जा सकेंगी।

यह भी सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को एक कालखण्ड में विद्यालयों में कॅरियर मार्गदर्शन संबंधी गतिविधियां सुनिश्चित की जायें। कॅरियर मार्गदर्शन का कार्य प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक/व्याख्याता द्वारा ही किया जाये।

10. मूल्यांकन/बच्चों के उपलब्धि स्तर का आकलन :–

10.1 शैक्षणिक कलेण्डर में वर्णित निर्धारित तिथियों में ही मासिक, तिमाही, अर्द्ध–वार्षिक परीक्षा एवं प्री–बोर्ड की परीक्षाओं का आयोजन किया जाए तथा विभिन्न परीक्षाओं के परिणामों से पालक शिक्षक संघ को अवगत कराया जाये। तिमाही तथा अर्ध वार्षिक परीक्षा के तत्काल बाद इन परीक्षाओं हेतु निर्धारित अधिभार अंकसूची/प्रगति पत्रक में दर्ज कर दिया जाये। वार्षिक परीक्षा एवं पूरक परीक्षा परिणामों की घोषणा इत्यादि का पालन भी विभागीय/माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश के दिशा–निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए।

10.2 शैक्षणिक कलेण्डर में वर्णित निर्धारित तिथियों में बच्चों के उपलब्धि स्तर का आकलन किया जायेगा। आकलन के आधार पर बच्चों में उपलब्धि स्तर की जानकारी से शाला प्रबंधन समिति को अवगत कराया जायेगा।

10.3 प्रत्येक छात्र की मूल्यांकन/नोटबुक प्रगति पुस्तिका संधारित की जायेगी। इसके अन्तर्गत छात्र के मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक एवं अन्य परीक्षाओं का मूल्यांकन अंकित कर सात दिवस में उनके पालकों को अवगत कराया जायेगा।

10.4 प्रत्येक छात्र की मूल्यांकन प्रगति पुस्तिका संधारित की जायेगी। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों के मासिक आकलन के आधार पर उपलब्धि स्तर का आकलन किया जाएगा जो शाला प्रबंधन समिति को अवगत कराया जायेगा।

10.5 बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के मूल्यांकन हेतु प्री–बोर्ड परीक्षाएं अनिवार्यतः ली जाएं।

10.6 किसी भी बच्चे को कक्षा 1 से 8 तक फेल नहीं किया जायेगा अर्थात् बच्चों को किसी भी कक्षा में रोका नहीं जायेगा । ऐसे बच्चे जो कमजोर श्रेणी के होंगे अर्थात् जिनका उपलब्धि स्तर कक्षा की दक्षताओं के अनुरूप नहीं होगा, के लिए शिक्षक द्वारा उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा कक्षा की दक्षताओं के अनुरूप बच्चे को तैयार किया जायेगा ।

10.7 कक्षा 9वीं एवं 11वीं की परीक्षाएँ बोर्ड पेटर्न पर आयोजित की जायेंगी। इस हेतु विद्यार्थियों को समय–समय पर सचेत किया जाये। इसकी तिमाही, छःमाही परीक्षाओं की मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकायें विद्यार्थियों को अवश्य अवलोकन करायी जायें।

10.8 तिमाही, छःमाही की अधिभार प्रक्रिया से भी छात्रों को अवगत कराया जाये। इसके अतिरिक्त तिमाही तथा छःमाही परीक्षा में ई ग्रेड लाने वाले छात्रों की पुनर्परीक्षा आयोजित की जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि पुनर्परीक्षा में भी अपेक्षित परिणाम न लाने पर ऐसे विद्यार्थियों के लिये विशेष निदानात्मक कक्षाओं की व्यवस्था की जाये तथा विद्यार्थी के उत्तीर्ण होने तक पुनर्परीक्षा का निरन्तरता में आयोजन सुनिश्चित किया जाये।

11. उत्सव एवं विशेष दिवसों का आयोजन :–

11.1. राष्ट्रीय पर्व, त्यौहारों एवं विभिन्न समारोह के उत्साहपूर्वक आयोजन हेतु शाला प्रबन्धन समिति/पालक शिक्षक संघ की बैठक में पूर्व से कार्ययोजना बना ली जाए।

11.2. उत्सव/विशेष दिवस के दिन अन्य दिनों की तरह पूरे कालखण्ड में शिक्षण कार्य हो तथा प्रत्येक कालखण्ड में से 5–5 मिनट का समय घटाकर शेष समय में निर्धारित दिनांक को ही मनाया जाये। उत्सव/विशेष दिवस के दिन रविवार/स्वीकृत अवकाश हो तो उसे एक दिन पहले/बाद में अवश्य मनाया जाये। ऐसे आयोजन अन्तिम कालखण्ड में ही किये जायें।

11.3 राष्ट्रीय पर्व को विद्यालयों में संस्था प्रधान, शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों की उपस्थिति में अनिवार्यतः मनाया जाए।

11.4 प्रत्येक गतिविधि का अभिलेखीकरण संस्थाओं में अनिवार्यतः किया जाये।

12. पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ :–

12.1. **वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम दिसम्बर माह में अंतिम कार्यदिवस तक सम्पन्न कर लिया जाये।** यह आयोजन अत्यंत संक्षिप्त होना चाहिये।

वार्षिक उत्सव के साथ ही विदाई समारोह का आयोजन किया जाये। यह आयोजन पृथक से नहीं किया जायेगा।

12.2. विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को विकसित करने के उद्देश्य से साहित्यिक/सांस्कृतिक/बालरंग मंडल/खेलकूद/योग आदि गतिविधियों में प्रत्येक विद्यार्थी को सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

12.3. एन.सी.सी./एन.एस.एस./स्काउट एवं गाइड/रेडक्रॉस,/ईको क्लब (एन.जी.सी.), साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, इत्यादि गतिविधियाँ संबंधित मुख्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार संचालित की जाएं यथासंभव इनका आयोजन माह के प्रत्येक शनिवार को अंतिम कालखण्ड में किया जाये। प्रमुख गतिविधियॉ परिशिष्ट पर संलग्न है।

12.4. प्रदेश के हाईस्कूल तथा हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विज्ञान संबंधी गतिविधियों को संचालित करने की दृष्टि से विज्ञान क्लब गठित किया जाये।

13. शिक्षक एवं बालकों को प्रोत्साहन/पुरस्कार :–

शिक्षा के लोकव्यापीकरण के अन्तर्गत उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। शिक्षकों एवं बालकों को प्रोत्साहन एवं पुरस्कृत करने की योजना निम्नानुसार हैः–

13.1 विद्यार्थी सम्मान ::

जिला स्तर पर कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों के आधार पर तैयार की जाने वाली प्रावीण्य सूची में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाये।

13.2 बालश्री पुरस्कार ::

प्रत्येक जिले के 5 वीं एवं 8 वी परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट एवं मेधावी छात्र–छात्राओं में से प्रदेश में सर्वोत्कृष्ट एक–एक छात्र एवं छात्रा को राज्यस्तरीय बालदिवस समारोह में बालश्री सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

13.3 प्रतिभा सम्मान ::

कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्यस्तरीय बालदिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

13.4 मेधावी विद्यार्थियों तथा उनके पालकों का विशेष सम्मान ::

अति–प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं **यथा**–आई.आई.टी., ए.आई.ई.ई.ई., सी.पी.एम.टी., एन.डी.ए., पी.एम.टी., पी.ई.टी., पी.ए.टी. इत्यादि में चयनित होने वाले विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को भी शालास्तर पर पालक–शिक्षक–संघ द्वारा विशेष आयोजन कर सम्मानित/पुरस्कृत किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों एवं पालकों को भी आमंत्रित किया जाए।

13.5 राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान ::

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्कूल शिक्षकों को प्रतिवर्ष 5 सितम्बर शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाता है। राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान के अंतर्गत /–रुपये 25000/– नकद, शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर पिछले वर्ष महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाता है।

13.6 **राष्ट्रपति पुरस्कार ::**

प्रदेश के उत्कृष्ट एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर नई दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाता है। इसके अन्तर्गत शिक्षकों को चांदी का पदक व रुपये 25,000/– नकद, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया जाता है।

13.7. **शैक्षिक अभ्युत्थान कार्यशाला तथा सम्मान :–**

श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों हेतु जून से अक्टूबर माह के मध्य में शैक्षिक कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा जिसमें उन्हें चयनित स्थलों का भ्रमण भी कराया जायेगा। **शतप्रतिशत परीक्षाफल वाली संस्था के प्राचार्यों को माननीय मुख्यमंत्री/शिक्षामंत्री द्वारा सम्मानित किया जायेगा।** श्रेष्ठ परीक्षाफल वाले प्राचार्यों को संभागीय मुख्यालय पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

13.8 **गणित तथा संस्कृत विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर पुरस्कार :–**

हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2010 में गणित विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को श्री गोविंद दामोदर धामणकर स्मृति स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र तथा हाईस्कूल परीक्षा में वर्ष 2010 में संस्कृत विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को श्री रघुनाथ गणेश खानवलकर स्मृति स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र बालदिवस/बालरंग कार्यक्रम में प्रदान किया जायेगा।

13.9 प्रतिभा सम्पन्न विद्यार्थियों को कम्प्यूटर हेतु रुपये 25000/– की राशि :–

माध्यमिक शिक्षा मण्डल से सम्बद्ध शासकीय संस्थाओं में नियमित रूप से अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने कक्षा 12वीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये है उन्हें कम्प्यूटर हेतु रुपये 25000/– की राशि उपलब्ध करायी जायेगी।

13.10 **विभिन्न छात्रवृत्तियों का प्रदाय :–**

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों तथा केन्द्र शासन द्वारा सभी संवर्ग के विद्यार्थियों के लिये विभिन्न छात्रवृत्तियाँ प्रदाय की जाती हैं जिनका विवरण **परिशिष्ट–एक** में दिया गया है। इन छात्रवृत्तियों से सभी को लाभान्वित किया जाये।

13.11 स्वामी विवेकानन्द राज्यस्तरीय योग पुरस्कार :–

योग के क्षेत्र में सृजनात्मक, उत्कृष्ट एवं विशिष्ट योगदान के लिए व्यक्तियों/संस्थाओं को रुपये एक लाख का पुरस्कार दिया जायेगा।

13.12 **आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित छात्र कल्याणकारी योजनाएँ :–**

आदिवासी विकास विभाग द्वारा छात्रों के कल्याणार्थ अनेक योजनाएँ संचालित हैं जिनका विवरण **परिशिष्ट–दो** पर दिया गया है। इन योजनाओं से समस्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाये।

14 शिक्षकों का गैर–शैक्षणिक कार्यों में अभिनियोजन :–

माननीय उच्चतम न्यायालय ने Civil Appeal No. 5659 of 2007 Election Commission of India V/S Mary`s School and Others में शिक्षा के मौलिक अधिकार और निर्वाचन आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारियों के परिप्रेक्ष्य में शिक्षकों की निर्वाचन से संबंधित कार्यों में ड्यूटी न लगाने संबंधी निर्देश दिये हैं तथा जनशिक्षा अधिनियम अध्याय–दो (10) के अनुसार राज्य सरकार के स्कूली शिक्षकों को शैक्षणिक एवं अन्य ऐसे कार्यो के लिये अभिनियोजित किया जायेगा जो स्कूल के शैक्षणिक कृत्यकारी के प्रबंध के भाग हो, राज्य सरकार के विशिष्ट आदेश पर ही उन्हें गैर शैक्षणिक कार्य के लिये अभिनियोजित किया जा सकेगा। बच्चों की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा–27 के अनुसार किसी भी शिक्षक को जनगणना, चुनाव एवं आपदा राहत को छोड़कर किसी भी गैर शिक्षकीय कार्य में नहीं लगाया जायेगा। यदि किसी कार्यालय अथवा संकुल/विद्यालय में किसी शिक्षक का लिखित या अलिखित रूप से आसंजन किया जाता है तो उसकी सूचना तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी एवं संभागीय संयुक्त संचालक को दी जाये।

मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक /62/प्र.स./स्कूल शिक्षा/10 भोपाल, दिनांक 13 अप्रेल, 2010 द्वारा जनगणना कार्य में शिक्षकों की डयूटी लगाई जाने हेतु, इस प्रकार से सूची जिला कलेक्टर को उपलब्ध कराई जाए जिससे कोई विद्यालय शिक्षक विहीन न हो पाये तथा किसी भी विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित न हो।

15. अवकाश :–

15.1 प्रारंभिक शिक्षा के लिए लागू जनशिक्षा अधिनियम अध्याय–2(7) के अनुसार स्थानीय अवकाश/शाला प्रबन्धन समिति पालक शिक्षक संघ द्वारा विहित किये जाएँ।

15.2 **सत्र 2010–2011 में विद्यालयों के लिये घोषित अवकाश निम्नानुसार रहेंगे :–**

1. **ग्रीष्म कालीन अवकाश–** (पचमढ़ी सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए) दिनांक 01 मई 2010 से 23 जून 2010 तक (54 दिवस शिक्षकों के लिए) दिनांक 01 मई 2010 से 30 जून 2010 तक (61 दिवस विद्यार्थियों के लिए)
2. **सर्व पितृमोक्ष अमावस्या–** दिनांक 07 अक्टूबर 2010
3. **दशहरा अवकाश –** दिनांक 15 अक्टूबर 2010 से 18 अक्टूबर 2010 (04 दिवस)
4. **दीपावली अवकाश–** दिनांक 03 नवम्बर 2010 से 06 नवम्बर 2010 (04 दिवस)

3. **शीतकालीन अवकाश–** दिनांक 25 दिसम्बर 2010 से 27 दिसम्बर 2010 (03 दिवस)

15.3 अन्य अवकाश जो किसी विशेष परिस्थितियों में केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा घोषित किये जायेंगे वह भी विद्यालयों में मान्य होंगे।

15.4 यदि किसी कारणवश राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक/स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तो वह भी विद्यालय में मान्य होगा।

15.5 शैक्षणिक स्टॉफ एवं छात्र–छात्राओं के लिये घोषित दशहरा, दीपावली अवकाश, शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन अवकाशों का उपभोग विद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यालयीन कर्मचारी नहीं करेंगे।

16. प्रशिक्षण :–

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु वर्षभर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणों का आयोजन किया जाएगा। प्रमुख प्रशिक्षण इस प्रकार हैं :–

16.1. म.प्र.प्रशासन अकादमी के सहयोग से सत्र 2010–2011 में म.प्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी, डाईट प्राचार्य, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा प्राचार्य संवर्ग को दूरवर्ती प्रशिक्षण के माध्यम से माह अप्रैल 2010 से दिसम्बर 2010 तक प्रशिक्षित किये जाने की योजना है। प्रशिक्षण सैटकाम के माध्यम से दिया जाएगा जिसमें स्थापना, स्कूल प्रबंधन, वित्तीय मामले, नवीन नियमों, उप नियमों तथा शासन की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं एवं अकादमिक योजनाओं से परिचित कराया जायेगा।

16.2. हाईस्कूल तथा हायरसेकेण्डरी स्तर के शिक्षकों, व्याख्याताओं को विज्ञान, गणित, संस्कृत, अंग्रेजी आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

16.3. प्रत्येक जिले में हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूलो में सतत प्रशिक्षकीय मार्गदर्शन हेतु प्रत्येक विषय के चार–चार मुख्य स्त्रोत प्रशिक्षक (सी.आर.डी.) चिन्हित कराकर प्रशिक्षित किये जायेंगे।

16.4. सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र नई दिल्ली द्वारा प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों तक के सेवाकालीन व्याख्याताओं/शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षणों का आयोजन किया जाता है। इन प्रशिक्षणों का मुख्य उद्देश्य शिक्षा से संस्कृति को जोड़ना है। प्रशिक्षणों के माध्यम से सहभागी शिक्षक शिक्षण कार्यो में संस्कृति पर आधारित तकनीकों एवं पद्धतियों का उपयोग कर सकेंगे तथा ''विद्यार्थियों में संस्कृति का प्रसार'' हेतु अध्ययन–अध्यापन सामग्री का विकास कर सकेंगे। इन प्रशिक्षणों के अंतर्गत अनुस्थापन प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिक्षा में पुतली कला की भूमिका, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत के

संरक्षण में स्कूलों की भूमिका तथा समाजोपयोगी उत्पादन कार्य/कार्यानुभव शामिल हैं।

16.5. डाईट के प्राचार्यो का **कम्प्यूटर कौशल एवं शिक्षा प्रबंधन** पर प्रशिक्षण दिनांक 5 अप्रेल से 15 मई 2010 तक आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा प्रशासन अकादमी (सीमेट) भोपाल में किया जायेगा। अन्य प्राचार्यो का प्रशिक्षण बाद में किया जायेगा।

16.6 सेना में सेवा कार्य के लिए इच्छुक छात्रों के लिये भर्ती पूर्व प्रशिक्षण–

सेना में कार्य करने के इच्छुक छात्रों की भर्ती हेतु आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में जिलों से छात्रों को निर्धारित मापदण्ड अनुसार आमंत्रित किया जाकर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

17. विशिष्ट आयोजन/प्रतियोगिताएँ :–

विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को विकसित करने में साहित्यिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षिक प्रतियोगिताएं सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होती हैं एतदर्थ विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली गतिविधियों/प्रतियोगिताओं का विवरण इस प्रकार है :–

17.1 बालरंग ::

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश तथा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल (भारत सरकार) के संयुक्त तत्त्वावधान में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल नगर में प्रतिवर्ष बालरंग समारोह का आयोजन किया जाता है। बालरंग समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न संस्कृतियों का ज्ञान देना, पारम्परिक जीवन शैली एवं सांस्कृतिक मूल्यों से परिचय कराना तथा विभिन्न अंचलों, राज्यों एवं देशों के बच्चों को एक मंच पर लाकर उनमें विश्वबन्धुत्व, मानवीय मूल्य और भाईचारे की भावना का विकास करना है। इसके अन्तर्गत राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाता है। प्रथम राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में संपूर्ण देश के 14 राज्यों ने, द्वितीय में 16 राज्यों ने, तृतीय में 19 राज्यों ने, चतुर्थ एवं पंचम राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में 14–14 राज्यों ने सहभागिता की थी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त दल को एक ट्राफी तथा रुपये 15000/– नगद, द्वितीय स्थान के लिए ट्राफी एवं रुपये 11000/– नगद एवं तृतीय स्थान के लिए ट्राफी तथा रुपये 7000/– पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाता है। राष्ट्रीय बालरंग के अंतर्गत सरल क्रमांक 17.5 से 17.12 तक की प्रतियोगिताओं का राज्यस्तरीय आयोजन किया जायेगा तथा राज्यस्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त दल राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में भाग लेगा।

17.2 बाल दिवस :–

14 नवम्बर बालदिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष राज्यस्तरीय आयोजन किया जाता है इस अवसर पर कक्षा 10वीं तथा 12वीं में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को तथा गणित एवं संस्कृत में सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्त्ता विद्यार्थी को सम्मानित किया जाता है। इसी प्रकार प्रदेश में कक्षा 5वीं तथा 8वीं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को **बालश्री** सम्मान से सम्मानित किया जाता है।

17.3 मोगली बाल उत्सव :–

स्कूल शिक्षा एवं अन्य विभागों के सहयोग से विगत 06 वर्षों से मोगली बाल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों में वन्य जीवन एवं पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करना है। इस आयोजन में 20 लाख से अधिक बच्चे सहभागिता करते हैं। विजेता बच्चों को पेंच अभयारण्य सिवनी में राज्यस्तरीय आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है। इसके अंतर्गत निम्नांकित प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी :–

क्र.	प्रतियोगिता	स्तर	वर्ग	आयोजन तिथि
1.	निबंध	शाला स्तर	कनिष्ठ (कक्षा 5 से 8) तथा वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9 से 12)	19.सितम्बर .2010
		जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर	केवल कनिष्ठ वर्ग	21 सितम्बर 2010
2.	लिखित प्रश्न पत्र	विकासखण्ड स्तर	कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग	26 सितम्बर 2010
3.	प्रश्न मंच	जिला स्तर	कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग	23 अक्टूबर 2010
4	राज्यस्तरीय मोगली बाल उत्सव का आयोजन–पेंच अभयारण्य, सिवनी			नवम्बर 2010 प्रथम सप्ताह

17.4 ग्रामीण विज्ञान प्रदर्शनी तथा विज्ञान मेला :–

इसके अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा मण्डल तथा राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान के सहयोग से ग्रामीण विज्ञान प्रदर्शनी तथा राज्यस्तरीय विज्ञान मेला आयोजित किया जाता है जिसमें विभिन्न प्रादर्शों को पुरस्कृत किया जाता है।

17.5 कालिदास समारोह :–

कालिदास अकादमी उज्जैन द्वारा देवउठनी एकादशी के अवसर पर प्रतिवर्ष उज्जैन में कालिदास समारोह का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भी विगत 10 वर्षों से महाकवि कालिदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित चित्रांकन, श्लोक गायन, नृत्यनाटिका आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इनकी तिथियां निम्नानुसार रहेंगीं :–

प्रतियोगिता	शालास्तर	विकासखण्ड स्तर	जिलास्तर	संभागस्तर	राज्यस्तर
चित्रांकन, श्लोक गायन, नृत्यनाटिका	19 सितम्बर 2009 तक	26 सितम्बर 2009	17 अक्टूबर 2009	24 अक्टूबर 2009	19–21 नवम्बर 2009

17.6 सामूहिक सूर्य नमस्कार :–

राज्य शासन द्वारा योग शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन **12 जनवरी** स्वामी विवेकानन्द जयन्ती, युवा दिवस के अवसर पर आयोजित होता है। इसके अंतर्गत एक संकेत पर एक समय सामूहिक सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम का आयोजन किया जायेगा।

17.7 योग प्रतियोगिता ::

इसके अंतर्गत भाषण, प्रश्नोत्तरी, तात्कालिक भाषण एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

17.8 साहित्यिक प्रतियोगिता :–

17.8.1 इसके अन्तर्गत निबंध, स्वरचितकाव्य (कविता या गजल), लोकगीत, संकलन प्रतियोगिताएं (कहावत या मुहावरा या लोकोक्ति) तथा काव्यपाठ,– पाठ्यपुस्तकों में आये हुये कवियों के कवितापाठ की प्रतियोगिता आयोजित की जायेंगी।

17.8.2 अंग्रेजी भाषा में विद्यार्थियों की रूचि जागृत करने हेतु स्पेलिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पत्र लेखन, बोलचाल प्रतियोगिता, ग्रामर क्विज आदि का आयोजन प्रत्येक माह मे एक बार अवश्य किया जाए।

17.9 सांस्कृतिक प्रतियोगिता :–

इसके अन्तर्गत सुगम संगीत, शास्त्रीय नृत्य एवं लोकनृत्य, प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

17.10 संस्कृत प्रतियोगिता :–

इसके अंतर्गत नृत्यनाटिका, प्रश्नमंच, वेदपाठ, भाषण एवं निबन्ध प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

17.11 मदरसा प्रतियोगिता :–

इसके अन्तर्गत स्वरचितकाव्य (गजल या नज़्म), कव्वाली, निबंध, वाद–विवाद,(बहसमुबाहिसा) एवं प्रश्नमंच, प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

17.12 निःशक्त बच्चों की प्रतियोगिता :–

इसके अन्तर्गत सुगम संगीत, नृत्य, सामूहिक अभिनय एवं तात्कालिक भाषण, प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

17.13 **प्रतियोगिता आयोजन की तिथियां :–** (क्रमांक 17.7 से 17.12 तक)

